संख्या-420/2018/3052/22-2-2017-17(400)/2017

प्रेषक,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ: दिनांक 12 मई, 2018***

विषय:- केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी कुंवर ऊर्फ रामकुंवर पुत्र श्री छेद्दू पासी, निवासी जनपद-सीतापुर की दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-41806/प्रोबे0-5-दयायाचिका/848 दिनांक 21-11-2017 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार बन्दी कुंवर ऊर्फ रामकुंवर पुत्र श्री छेद्दू पासी, निवासी-डबकहा, मजरा-गोबिन्दपुर हालपता-पसियनपुरवा, थाना-रेउसा, जनपद-सीतापुर का रहने वाला है। बन्दी द्वारा पूर्व में हुई हत्या के बदले की रंजिश को लेकर दिनांक 19/20.08.1995 को 09 अन्य सहअभियुक्तों के साथ मिलकर बांका, लाठी एवं बन्दूक से मारकर 01 व्यक्ति की हत्या कारित की। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-847/1995 में भा0द0वि0 की धारा-148, 302, 323/149, 201 व 25 (1-8) आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत मा0 अपर सत्र न्यायधीश/फास्ट टैक कोर्ट नं0-5, सीतापुर के आदेश दिनांक 02.06.2007 द्वारा आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया। बन्दी के 02 अन्य सहअभियुक्तों की सजा पड़ने से पहले बाहर मृत्यु हो गयी थी, 07 अन्य सहअभियुक्तों को जमानत मुचलके पर कारागार से रिहा किया गया। बन्दी द्वारा दिनांक 17.01.2017 तक 10 वर्ष 03 माह 18 दिन की अपरिहार सजा तथा 13 वर्ष 06 माह 03 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। पुलिस अधीक्षक तथा जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति की गयी है लेकिन दयायाचिका समिति द्वारा बन्दी की काटी गयी सजा, कारित अपराध की प्रकृति के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

3- उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि विषयांकित बन्दी कुंवर ऊर्फ रामकुंवर (बन्दी संख्या-43444) पुत्र श्री छेद्दू पासी, निवासी जनपद-सीतापुर की संविधान के अनुच्छेद-161 के अन्तर्गत दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई सम्यक् विचारोपरान्त शासन द्वारा **अस्वीकार** कर दी गयी है। कृपया उपरोक्त से बन्दी को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

संख्या-420/2018/3052(1)/22-2-2017 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, सीतापुर।
2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, बरेली।
3- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ ।
4- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in